हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026


तापमान

अधिकतम 43.2 डिग्री

न्यूनतम 31.6 डिग्री


12 हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद्दु-उल-अजहा का पर्व





12 एकता का उत्सव और सनातन धर्म की कालातीत..






## खबर संक्षेप

### शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के विरूद्ध बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम गधाभांठा में कमल साव नाम का व्यक्ति गांव से बाहर नाले के पास भारी मात्रा में महुआ शराब रख कर बिक्री कर रहा है। मौक पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी कमल साव पिता दीनबंधु साव के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपएको बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### महुआ शराब जब्त महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने दलदली रोड नयापारा में एक महिला के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी सावित्री बाई पाटिल पति विजय पाटिल (35 साल) निवासी वार्ड नं 11 नयापारा दलदली रोड महासमुंद के कब्जे से कुल 11 लीटर महुआ शराब कीमत 2200 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई

### पुजारी के घर में तोड़फोड़

**महासमुंद।** पुजारी के घर में तोड़फोड़ के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पुजारी सुरेंद्र दास पालक पिता स्व. राम महेश (महेश) दास महाराज ने बताया कि वह श्री हनुमान मंदिर पुराना आईटीआई के पास वार्ड नं 13 महासमुंद का निवासी है। 04.05.26 की सुबह लगभग 10.15 बजे वह अपने घर में था। उसी समय आरोपी व उसका पूर्व किरायेदार गोविंद उर्फ टेटू घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 324 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# प्लेसमेंट कर्मी ही महीनों से पिला रहे थे लोगों को मिलावट वाली शराब

## आबकारी विभाग की टीम ने दी दबिश, 4 कर्मचारी रंगेहाथ पकड़े गए, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/ पिथौरा(ग्रामीण)

शराब में पानी मिलाकर लोगों को बेचने वाले सेल्समैन सोमवार को रंगे हाथों पकड़े गए। मामला है जिले के पिथौरा स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब दुकान का। जहां वर्षों से जमे प्लेसमेंट कर्मचारी खुलेआम बीते कई महीनों से मदिरा प्रेमियों को धोखा देते आ रहे हैं। दुकान में ड्यूटी के साथ अलग मुनाफा कमाने के फेर में अपनाए गए इस गंभीर अपराध के चलते आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को पिथौरा स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब दुकान में आबकारी विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां के 4 प्लेसमेंट कर्मचारी मैक्डॉवेल नंबर 1 शराब में खुलेआम पानी मिलाते हुए रंगे हाथ पकडे गए। 25 मई को जब विभागीय टीम आवश्यक निरीक्षण के लिए अचानक दुकान पहुंची तो वर्षों से यहां जमे सेल्समैन, सुपरवाइजर और सहयोगियों के हौसले इस बुलंदी पर थे कि बेखौफ होकर टेबल पर ही शराब में पानी की मिलावट की जा रही थी। बोतलों का सील खोलकर उसमें की मिलावट को देख टीम ने तत्काल करन सोनटके, उमेश मन्नाडे, नारायण निषाद और हेमंत पटेल को पकडा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 38(क) (मदिरा में पानी मिलावट) के तहत कार्रवाई की। टीम ने उक्त चारों के पास से मैक्डॉवेल नं. 1 के 10 नग पाव में पानी मिलावट, 04 नग पाव आधा भरा हुआ, 54 नग सबूत ढक्कन, पानी बॉटल में पानी एवं एक लीटर पानी बॉटल में 90 एमएल विदेशी मदिरा कब्जे में लिया है।

संपूर्ण कार्रवाई हृदय कुमार तिरपुड़े आबकारी उप निरीक्षक पिथौरा के नेतृत्व में हुई। इस दौरान मिर्जा जफर बेग आबकारी उपनिरीक्षक सरायपाली व अनिल कुमार झारिया भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।



### लंबे समय से चल रहा कारोबार

शराब दुकान में मिलावटखोरी का यह खेल काफी लंबे समय से चल रहा था। पकड़े गए 4 आरोपियों में से उमेश मन्नाडे और करन सोनटके पिछले लगभग 2 सालों से पिथौरा में ही कार्य कर रहे थे। वहीं नारायण निषाद और हेमंत पटेल 7-8 महीने पहले ही यहां पदस्थ हुए हैं। काफी समय से एक ही दुकान पर टिके होने के कारण इन कर्मचारियों के हौसले इतने हावी थे कि बिना किसी डर के ग्राहकों को मिलावट वाली शराब बेच रहे थे।



कार्रवाई : महाराष्ट्र के कोल्हापुर के होटल में छिपे थे आरोपी

# एलपीजी मामले में फरार मुख्य आरोपी पुत्र सहित महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

करोड़ों रुपये मूल्य की गैस से भरे कैप्सूल ट्रकों के गबन और कालाबाजारी के मामले में फरार मुख्य आरोपी संतोष सिंह ठाकुर और उसके पुत्र सार्थक सिंह ठाकुर को पुलिस ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए होटल में छिपकर रह रहे थे। पुलिस ने मामले में संलिप्त मुख्य षडयंत्रकारी खाद्य अधिकारी अजय यादव, पंकज चंद्राकर, निखिल वैष्णव और मनीष चौधरी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी संतोष ठाकुर और उसका पुत्र सार्थक घटना के बाद से फरार थे। उनकी तलाश में महासमुंद पुलिस ने रायपुर, कवर्धा, छुईखदान, कान्हा-किसली, कोलकाता, पुणे, मुंबई और कोल्हापुर तक अलग-अलग टीमें रवाना की थीं। सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा डेटा और तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपी महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित न्यू चालुक्य होटल में छिपे हुए हैं। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर शांति बिहार कालोनी डगनिया थाना डीडी नगर रायपुर निवासी संतोष सिंह ठाकुर (57) और उसके पुत्र सार्थक सिंह ठाकुर (27) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने संतोष ठाकुर के कब्जे से 20 हजार रुपये नकद भी जब्त किया है।

एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि सिंघोड़ा में दर्ज अपराध क्रमांक 96/25 के तहत 24 दिसंबर 2025 को 6 एलपीजी गैस से भरे कैप्सूल ट्रकों को जब्त किया गया था। भीषण गर्मी और सुरक्षा कारणों को देखते हुए इन वाहनों को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य विभाग की मौजूदगी में 30 मार्च 2026 को इन्हें ठाकुर पेट्रो कैमिकल्स, उरला रायपुर के संचालक संतोष सिंह ठाकुर के सुपुर्द किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि सुपुर्द किए गए ट्रकों में से 5 कैप्सूल ट्रकों में भरी करीब 87 टन एलपीजी गैस (कीमत लगभग 77 लाख रुपये) का आपराधिक षड्यंत्र के तहत गबन कर लिया गया। पुलिस ने इसे आपराधिक न्यास भंग, कूट रचना और कालाबाजारी का गंभीर मामला मानते हुए संतोष ठाकुर सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और आवश्यक वस्तु अधिनियम की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया था।



### पहले ही हो चुकी है चार गिरफ्तारियां

इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस इससे पहले चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव, पंकज चंद्राकर, मनीष चौधरी और निखिल वैष्णव शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक मामले की विवेचना अभी जारी है और गैस हेराफेरी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## गबन के मामले में बम्हनी उपार्जन केंद्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर

**महासमुंद/बसना।** धान और कृषक उन्नति योजना की राशि के गबन के मामले में बसना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बम्हनी उपार्जन केंद्र प्रभारी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच के बाद आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

बसना थाने में की गई शिकायत में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा पिरदा के शाखा प्रबंधक उसत कुमार प्रधान ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आरंगी पं.क. 1209 के धान उपार्जन केंद्र बम्हनी में 16.05.2026 को कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला महासमुंद के आदेश के परिपालन में जांच दल गठित किया गया। जिसमें शामिल मोहित कुमार अमिला तहसीलदार पिथौरा, दिव्यांशु देवांगन खाद्य निरीक्षक पिथौरा, उसत कुमार प्रधान शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा पिरदा, बेनीराम जगत एवं लखन डड़सेना धान संग्रहण केंद्र पिथौरा के कर्मचारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि भौतिक सत्यापन में उपार्जन केंद्र बम्हनी में कुल 40464.00 क्विं धान खरीदी की गई जिसमें से 36088.80 क्विं. धान उठाव हो चुका है। सरना धान की शेष मात्रा 20.80 क्विं. एवं मोटा धान की शेष मात्रा 4354.4 क्विं कुल 4375.20 क्विंटल (10938 कट्टा) उपार्जन केंद्र में उपलब्ध होना चाहिए। भौतिक सत्यापन में सरना धान 20.80 (52 कट्टा) एवं मोटा धान 612.40 (1531 कट्टा) पाया गया। भौतिक सत्यापन में सरना धान का स्कंध सही पाया गया एवं मोटा धान व कुल धान 4354.40-612.40 यानी 3742 क्विंटल (9355) कट्टा कम पाया गया जिसका समर्थन मूल्य 8864798 रुपए एवं कृषक उन्नति योजना राशि 2735402 रुपए कुल राशि 1,16,00,200 रुपए कम होना पाया गया। वहीं मानक बारदाना नया 1381 नग एवं पुराना खाली बारदाना 15510 नग व कुल बारदाना 16891 नग उपलब्ध होना चाहिए। भौतिक सत्यापन में नया बारदाना 1381 नग व पुराना खाली बारदाना 13500 नग भौतिक रूप से उपलब्ध पाया गया। इसके अतिरिक्त कुछ पुराना बारदाना अव्यवस्थित व अगणनीय स्थिति में थे। इस तरह प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर स्कंध में कमी के लिए धान उपार्जन केंद्र प्रभारी गंगाधर जगत को जिम्मेदार पाया गया है। शिकायत मिलने के बाद बसना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गंगाधर जगत को गिरफ्तार कर धारा 316(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** पलसापाली मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना बसना के मर्ग क्रमांक 56/2026 धारा- 194 बीएनएसएस के तहत मृतक चितरंजन पटेल पिता सुंदरलाल पटेल (38 साल) परसकोल थाना बसना की जांच पर की गई। पुलिस के अनुसार 24.07.2025 को मृतक चितरंजन पटेल अपनी मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 9516 में सब्जी बेचने के लिये जगदल्ला ओडिशा गया था वहां से वापस ग्राम परसकोल आ रहा था, और सुबह करीबन 11 बजे के आसपास पलसापाली मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन के द्वारा अपने वाहन को तेज रप्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर चितंरजन पटेल के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी। जिले इलाज हेतु शासकीय अस्पताल बसना लाया गया था, जहां पर डॉक्टर द्वारा रेफर करने के बाद इलाज हेतु 24.07.25 और 27.07.2026 को रायपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जिले में भीषण गर्मी से ट्रांसफार्मर ओवरलोड अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



मई के महीने में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और उमस ने जिले के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण बिजली की मांग अपने चरम पर पहुंच गई है। अत्यधिक बिजली लोड बढ़ने की वजह से स्थानीय स्तर पर लगे ट्रांसफार्मर और फीडर ओवरलोड होकर ट्रिप हो रहे हैं। इस तकनीकी संकट से निपटने और उपकरणों को जलने से बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक बेहद परेशान हैं।

जिले के पिथौरा, बसना, सरायपाली और बागबाहरा समेत ग्रामीण अंचलों में दिन के साथ-साथ रात के समय भी बिजली गुल होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। रात के वक्त जब तापमान और नमी बढ़ने से लोग घरों में कूलर, पंखे और एयर कंडीशनर (एसी) चालू करते हैं, तब ग्रिड पर अचानक लोड कई गुना बढ़ जाता है। ओवरलोडिंग के कारण बार-बार फ्यूज उड़ने और लो-वोल्टेज की समस्या सामने आ रही है। सुरक्षा के लिहाज से फीडरों को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ रहा है, जिसके कारण पीक आवर्स शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक बार-बार बत्ती गुल हो रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ट्रिपिंग से बढ़ी परेशानी

शहरों की तुलना में जिले के ग्रामीण इलाकों में स्थिति ज्यादा गंभीर है। गांवों में हर आधे से एक घंटे में बिजली बंद होने की शिकायतें मिल रही हैं। बार-बार हो रही इस ट्रिपिंग और अघोषित कटौती की वजह से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही कटौती के कारण कई गांवों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि पानी के पंप चलाने के लिए पर्याप्त और निरंतर बिजली नहीं मिल पा रही है।

### खेती-किसानी और व्यापार पर भी असर

बिजली की इस आंख-मिचौली का सीधा असर स्थानीय छोटे व्यवसायों और कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा है। लो-वोल्टेज के कारण जहां घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित आरा मिलें, वेल्डिंग दुकानें और अन्य छोटे उद्योग ठप पड़े हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद रहने से उनकी दैनिक दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। भीषण उमस भरी रातों में बिजली चले जाने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनता में गहरा रोष व्याप्त है।

## अवैध परिवहन करते 3 हाइवा जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा पूरे जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को ग्राम सरायपाली में खनिज जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण किया जांच के दौरान खनिज चूना पत्थर, गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 03 नग हाईवा सीजी 13 जेड. 2637 एवं ओडी 17 एई 8637 तथा सीजी 06 एचजी 0378 कमशः चालक संजीत कुमार निवासी जैतपुर तहसील बरमा जिला औरंगाबाद एवं दीपक सेन निवासी बागटुअरी तहसील सरायपाली जिला महासमुंद तथा वाहन चालक अज्ञात से 03 वाहनों को जप्त कर सरायपाली पुलिस थाना के अभिरक्षा में सुरक्षार्थ में रखा गया है। जब्त किए गए वाहनों के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर लंगेह के निर्देशानुसार सभी खनिजों का परिवहन वैध अभिवहन पास से किया जाना है। किसी भी तरह के अवैध परिवहन भंडारण उत्खनन पाये जाने अवैध उत्खनन, परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध इसी प्रकार कृत्य करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज अमला द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच किया जा रहा है।



# ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से पड़ने लगी महंगाई की मार

## परिवहन भाड़ा बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुएं और निर्माण सामग्री हुईं महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई लगभग 4 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी का सीधा असर अब जिले के बाजार और आम जनजीवन पर दिखने लगा है। ईंधन के दाम बढ़ने से मालवाहक वाहनों का परिवहन भाड़ा बढ़ गया है, जिसके कारण निर्माण सामग्री से लेकर रोजमर्रा के उपयोग की जरूरी वस्तुएं महंगी हो गई हैं। इस अचानक बढ़ी महंगाई ने जहां आम नागरिकों के घरेलू बजट को बिगाड़ दिया है, वहीं जिले के व्यापारियों और परिवहन व्यवसायियों की चिंता भी बढ़ा दी है।

बाजार जानकारों का कहना है कि किसी भी वस्तु की अंतिम कीमत तय करने में उसकी परिवहन लागत (ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट) सबसे महत्वपूर्ण होती है। डीजल के दाम बढ़ते ही जिले में ट्रक, मिनी ट्रक, पिकअप और अन्य मालवाहक वाहनों के संचालकों ने प्रति ट्रिप किराए में वृद्धि कर दी है। इसका सीधा असर बाहरी राज्यों और अन्य जिलों से आने वाले सामानों पर पड़ा है। परिवहन किराया बढ़ने का सबसे बड़ा असर भवन निर्माण सामग्री पर देखा जा रहा है। जिले में सीमेंट, सरिया, गिट्टी, रेत और ईंट जैसी जरूरी चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई है। महासमुंद और आसपास के क्षेत्रों में निजी मकान या व्यावसायिक निर्माण कराने वाले लोगों को अब पहले की तुलना में



काफी अधिक खर्च उठाना पड़ रहा है। लागत बढ़ने के कारण कई लोगों ने अपने निर्माण कार्यों को फिलहाल धीमा कर दिया है, जिससे निर्माण क्षेत्र से जुड़े ठेकेदारों और मजदूरों के सामने भी काम का संकट पैदा हो गया है।

### रसोई तक पहुंची महंगाई किराना और सब्जियां महंगी

ईंधन की मूल्य वृद्धि का असर अब आम आदमी की रसोई तक पहुंच चुका है। थोक मंडियों से खुदरा बाजारों तक आने वाली खाद्य सामग्रियों का परिवहन खर्च बढ़ गया है। इसके कारण किराना सामान, दालें, तेल और हरी सब्जियों के दामों में तेजी आ गई है। शहर के स्थानीय दुकानदारों और खुदरा व्यापारियों का कहना है कि थोक बाजार से माल लाने में अब ज्यादा भाड़ा देना पड़ रहा है। लागत बढ़ने के कारण खुदरा बाजार में कीमतें बढ़ाना उनकी मजबूरी बन गई है, जिससे छोटे व्यापारियों का मुनाफा और बिक्री दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

### सीमित आय में घरेलू बजट संभालना हुआ मुश्किल

बढ़ती महंगाई ने विशेष रूप से मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों की मुश्किलों को बहुत अधिक बढ़ा दिया है। जिले के नागरिकों का कहना है कि उनकी मासिक आय सीमित है, लेकिन पेट्रोल-डीजल महंगे होने के कारण दैनिक आवश्यकताओं पर होने वाला खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। राशन से लेकर परिवहन तक सब कुछ महंगा होने से हर महीने का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है।




## खबर संक्षेप

### बोरवेल मशीन में लगी आग से अफरा-तफरी

**कांकेर।** जिले के कोरर दबेना इलाके में गुरुवार को एक बोरवेल मशीन में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी मशीन आग की लपटों में घिर गई और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वयारल हुआ है, जिसमें मशीन धू-धू कर जलती दिखाई दे रही है। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दूर भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही दमकल और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### मासूम की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजूर क्षेत्र के पीव्ही-130 गांव में डेढ़ माह के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवेंद्र पाल अपने पुत्र नयांश पाल को उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर उपचार के लिए कापसी स्थित श्रीराम चंद्र अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे को घर लाया गया और दवाइयां दी जा रही थीं, लेकिन तबियत बिगड़ने पर परिजन दोबारा अस्पताल पहुंचे, वहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### महंगाई के खिलाफ आज मजदूरों करेंगे प्रदर्शन

**कांकेर।** बढ़ती महंगाई के विरोध में आज शुक्रवार को मजदूर वर्ग गांधी चौक में प्रदर्शन करेगा। नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के प्रवक्ता प्रशांत रजक ने बताया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से मजदूर और गरीब तबका सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है।

# नौतपा का आज पांचवां दिन : भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नौतपा में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। शहर में अधिकतम तापमान 44 सेल्सियस से 45 सेल्सियस तक पहुंच गया है। चिलचिलाती धूप और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं के कारण दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है।

गुरुवार को नौतपा का चौथा दिन रहा। यह 2 जून तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान वास्तविक तापमान में कही ज्यादा गर्मी और तपिश का अहसास हो रहा है। भीषणगर्मी को देखते हुए मजदूर वर्ग ने भी अपना टाइम टेबल बदल दिया। राजमिस्त्री चुरामन पटेल बताते है कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक काम करने का समय है लेकिन भारी गर्मी में समय को बदलना पड़ा है। अब सुबह 6 बजे से 10 बजे तक तथा शाम को 4 से 7 बजे तक काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि 11 बजने के बाद लोहा, सरिया इतना गर्म हो जाता है कि उसे पकड़ते ही हाथ में छाला उभर आता है। भारी गर्मी से शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे शरीर थरथराने लगता है।

रेत की सप्लाई देने वाला ड्रायवर हुलासराम, मजदूर मोनू व कालिया का कहना है कि दोपहर को नदी में जाने पर आग उगलती है। रेत इतना गर्म रहता है कि उसे छूने से जलन होती है। स्थिति को देखते हुए रात में रेत की सप्लाई दे रहे हैं। फिल्ड पर काम करने वाले चैनसिंग साहू ने बताया कि 11 बजे से 4 बजे के बीच फिल्ड का काम बंद कर दिए हैं।

## मजदूरों ने बदला काम करने का समय, आज से मौसम बदलने की संभावना

### कूलर भी काम नहीं आ रहा है

हाउसिंग बोर्ड ईब्लूएस कालोनी के निवासी संगीता देवांगन, छोटी यादव, सविता राजपूत कहती है कि नौतपा की गर्मी में कूलर काम करना बंद कर दिया है। कूलर से निकलने वाली हवा कमरे को ठंडा करने की बजाए उमस से भर दे रही है। भारी गर्मी से राहत के लिए अब मौसम बदलने का इंतजार है।



### बदलेगा मौसम तापमान गिरेगा

शुक्रवार को पूरे प्रदेश में मेघगर्जन के साथ तेजहवा, वज्रपात तथा वर्षा होने की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। आगामी 3 दिनो में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान में क्रमिक गिरावट आ सकती है। गुरुवार के लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर कहा है कि एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि, गरज चमक के साथ वज्रपात तथा 50 से 60 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने रंगमच के सामने शेड निर्माण एवं टाइल्स निर्माण कार्य हेतु मांग पत्र सौंपा

# कलेक्टर ने कर्णेश्वर मंदिर के पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कलेक्टर अविनाश मिश्रा का आगमन धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के केंद्र कर्णेश्वर धाम में हुआ, जहां उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर धाम की पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर के आगमन पर कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर, प्राचीन मूर्तियों, ऐतिहासिक अवशेषों तथा धाम से जुड़ी धार्मिक परंपराओं के बारे में ट्रस्ट सदस्यों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। ट्रस्ट द्वारा उन्हें बताया गया कि कर्णेश्वर धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन होता है।

कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने धाम में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा पर्यटन की संभावनाओं को लेकर अधिकारियों एवं ट्रस्ट सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने धार्मिक धरोहरों के संरक्षण एवं परिसर के सुव्यवस्थित विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।



इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कलेक्टर को विभिन्न मांगों से अवगत कराया। ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था, पहुंच मार्ग के उन्नयन, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग सुविधा, पर्यटन विकास कार्यों तथा धाम की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित करने संबंधी मांगें रखी गईं। साथ ही आगामी धार्मिक आयोजनों एवं मेलों के दौरान प्रशासनिक सहयोग की भी अपेक्षा जताई गई।

कलेक्टर ने ट्रस्ट की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास शासन की प्राथमिकता में शामिल है तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

कलेक्टर के आगमन से ट्रस्ट सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, नागेन्द्र शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, कमल डागा, ट्रस्ट सचिव भरत निर्मलकर, सह सचिव मोहन पुजारी, छबि ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद सीईओ रोहित बोर्झा सहित जिले भर के प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

-:: सुशासन तिहार में कागजी निपटारा ::-

# पेड़ों की कीमत पूछने पर थमाया कोर्ट का आदेश

- कुरुद ब्लाक अंतर्गत ग्राम थुहा के 16 साजा पेड़ की कटाई का है मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार के तहत जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के दावों के बीच धमतरी वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। कुरुद ब्लॉक के ग्राम थुहा निवासी तोरण सिंह साहू ने अवैध रूप से काटे गए साजा पेड़ों के 14 से 16 अलग-अलग ठूंठों की गोलाई के आधार पर उनकी लकड़ी की अनुमानित आर्थिक कीमत का तकनीकी आकलन मांगा था। इसके लिए उन्होंने 19 मई 2026 को ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 26144679744679 प्रस्तुत किया था।

मामले में आवेदक का कहना है कि उन्होंने केवल कटे हुए पेड़ों की अनुमानित कीमत और उससे संबंधित प्रमाणित जानकारी मांगी थी, लेकिन वन विभाग ने मूल प्रश्न का जवाब देने के बजाय आवेदन को ही निरस्त कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी द्वारा 26 मई 2026 को जारी पत्र क्रमांक 48 में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद के प्रतिवेदन का हवाला देते हुए बताया गया कि संबंधित भूमि राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत आती है तथा इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय कुरूद द्वारा पूर्व में आदेश पारित किया जा चुका है। वन विभाग ने मामले में तकनीकी मूल्यांकन करने की बजाय न्यायालयीन आदेश की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन को समाप्त मान लिया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि सुशासन तिहार के नाम पर विभाग सिर्फ फाइलों की औपचारिक खानापूर्ति कर रहा है, जबकि आवेदकों को उनकी मांग के अनुरूप स्पष्ट और तथ्यात्मक जानकारी नहीं मिल पा रही है।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपा आवेदन, किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

# खाद-बीज और डीजल संकट पर भड़का भारतीय किसान संघ, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय किसान संघ जिला धमतरी ने जिले में खाद, बीज और डीजल की समस्या को लेकर शासन-प्रशासन पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम आवेदन सौंपकर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा निजी दुकानदारों द्वारा किए जा रहे शोषण पर रोक लगाने की मांग की है।

संघ द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वर्तमान समय में किसान खाद, बीज और डीजल की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों को समितियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर निजी खाद विक्रेता अधिक कीमत वसूल कर किसानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। संगठन का आरोप है कि शासन-प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।



### समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

संघ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

इस दौरान जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, तहसील अध्यक्ष ठाकुर राम, टीकम राम साहू, गौतम साहू, गोपालराम, उत्तम, उमेश्वरी, लोकेश्वरी साहू, महेंद्र, अशोक, हिमेंद्र कुमार, प्रदीप चंद्राकर, धनेश्वर सोनकर, प्यारे लाल निषाद, टेकराम चंद्राकर, व्यासनारायण, मुकेश लाल, मेवाराम साहू, दानेश्वर, रामकुमार एवं चमनलाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### कालाबाजारी रोकने और सस्ती दर पर बीज उपलब्ध कराने की मांग

भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराया जाए। साथ ही कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संगठन ने किसानों को कृषि कार्य के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने, गुणवत्तायुक्त बीजों का भंडारण करने तथा हरी खाद के बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है।

# सिहाद में गंगा तालाब का गहरीकरण प्रारंभ





- मनरेगा के तहत 9 .45 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति मजदूरों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम पंचायत सिहाद में बुधवार को महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना के तहत गंगा तालाब की साफ सफाई एवं गहरी करण का कार्य जनपद पंचायत कुरुद से 9.45 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात 27 मई को तालाब में पूजा अर्चना के बाद तालाब की सफाई एवं गोदी का कार्य आरंभ किया गया। गोदी में वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 05 तक के कुल 181 महिला पुरुष मजदूरी कार्य में लगे हुए हैं । सरपंच श्रीमती सरिता बैस ने बताया की गंगा तालाब जो कि चारों तरफ से खेतों से लगा हुआ है जिसकी सफाई एवं गहरीकरण से किसानों को खेतो की सिचाई में लाभ मिलेगा व जल स्तर में बढ़ोत्री होगी। गांव में रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत काम मिलने से मजदूरों में हर्ष का माहौल है और आगे भी मजदूरों को रोजगार दिलाने के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। उक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमती सरिता बैस एवं उपसरपंच भेषज बैस, पंचगण-किशोर पटेल, वेदमती साहू, बुधा साहू, विद्याशंकर साहू, तिलक विश्वकर्मा, चंदशेखर सोनी, गुनमत साहू, चेतना बैस, लक्ष्मी बैस, बेना बैस, कमलेश्वरी यादव, जेठिया सेन, कविता कुर्रे, थानेशवर पटेल, रोजगार सहायक उत्तम पटेल, मेट-सुनीता साहू, ज्योति कुर्रे, मोनिका मानिकपुरी, पिंकी विश्वकर्मा, योगेश्वरी साहू सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण काफी संख्या मे उपस्थित थे।

# दरबा में नवीन डबरी निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

सुबह की शुरुआत के साथ ग्राम पंचायत दरबा में सरपंच श्रीमती पूजा गुलशन साहू के द्वारा नवीन डबरी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मनरेगा के अंतर्गत ग्राम दरबा में यह एक दूसरा कार्य और प्रारंभ किया गया है। इस कार्य से ग्राम वासियों में हर्ष व्याप्त है कि बारिश के पूर्व उन्हें दूसरा और मनरेगा कार्य मिल गया है।

सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि मनरेगा कार्य लोगों के जीवन यापन व गरीब परिवार की रोजी-रोटी का एक प्रमुख अंग हो जाता है जो प्रत्येक वर्ष हर ग्रामीण के लिए खुशहाली लेकर आता है। दरबा ग्राम को प्राप्त मनरेगा कार्य के लिए सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने जनपद पंचायत, जिला पंचायत समस्त अधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया है।



इस शुभारंभ कार्यक्रम में सरपंच पुजा गुलशन साहू, जनपद सदस्य चंद्रशेखर साहू, रोजगार सहायक यमपुरी गोस्वामी तथा समस्त पंचायत प्रतिनिधि पंच गण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# महेंद्र कुमार बोरझा देंगे मगरलोड समर कैंप में अंग्रेजी पर टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकासखंड नगरी अंतर्गत संकुल केंद्र फरसियां के आश्रित माध्यमिक शाला बोडरा के प्रधान पाठक महेंद्र कुमार बोरझा आगामी 25 मई से 29 मई 2026 तक हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड में आयोजित समर कैंप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं देंगे।

यह समर कैंप हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड के प्राचार्य आत्माराम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप के दौरान महेंद्र कुमार बोरझा प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक छात्र-छात्राओं को स्पोकन इंग्लिश, अंग्रेजी ग्रामर एवं अंग्रेजी बोलने की सरल तकनीकों की विशेष जानकारी देंगे।



उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शाला बोडरा अंग्रेजी शिक्षण एवं नवाचारों के क्षेत्र में विकासखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। विद्यालय के छात्र-छात्राएं अंग्रेजी विषय में विशेष दक्षता रखते हैं तथा विद्यालय समय-समय पर अपने उत्कृष्ट कार्यों के कारण सुर्खियों में बना रहता है।

बीते शिक्षा सत्र में महेंद्र कुमार बोरझा एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यक्रम हेतु हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड पहुंचे थे। उनके सरल, प्रभावी एवं व्यवहारिक शिक्षण शैली से प्रभावित होकर प्राचार्य आत्माराम साहू द्वारा इस विशेष समर कैंप के आयोजन की पहल की गई।

प्राचार्य आत्माराम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं तथा अंग्रेजी सीखने के इच्छुक लोगों से अपील की है कि वे इस विशेष समर कैंप में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ प्राप्त करें।

15 दिन में समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# पंचायत अधिकारों की उपेक्षा पर सरपंच संघ नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत सभाकक्ष कुरूद में ब्लॉक सरपंच संघ कुरूद की विस्तारित बैठक आयोजित हुई, जिसमें पंचायत के अधिकारों की उपेक्षा, विकास कार्यों में देरी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने की। उन्होंने कहा कि पंचायतों को लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई माना जाता है, लेकिन वर्तमान में पंचायत प्रतिनिधियों की लगातार अनदेखी हो रही है। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।



जिला सरपंच संघ अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार और सम्मान दिए बिना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत एवं विजन 2047 के सपने को पूरा नहीं किया जा सकता। जयमित्र साहू गोजी ने कहा कि गांवों की वास्तविक समस्याओं को समझे बिना केवल कागजी योजनाओं से विकास संभव नहीं है। संरक्षक पूर्णिमा साहू ने पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी और अधिकारों से दूर रखने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सचिव चेतन देवांगन एवं मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने भी पंचायतों की समस्याओं और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को गंभीर मुद्दा बताया। बैठक में आरोप लगाया गया कि पंचायतों से जुड़े निर्माण कार्यों, मनरेगा योजनाओं, मूल्यांकन और भुगतान प्रक्रिया में अत्यधिक देरी हो रही है। राशन कार्ड, पेंशन और जॉब कार्ड जैसे कार्य भी जनप्रतिनिधियों की जानकारी के बिना किए जा रहे हैं। सरपंच संघ ने प्रशासन को 15 दिन की समय सीमा देते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में लगभग 76 सरपंच उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में करोड़ों के पीएफ घोटाले की चर्चा, शिकायत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज कांकेर में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) में करोड़ों रुपए के कथित घोटाले की बू आने लगी है। मामले को लेकर कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

अब इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर करने की तैयारी की जा रही है। आरोप है कि वर्ष 2023 से लगातार कर्मचारियों के पीएफ खाते में नियमानुसार राशि जमा नहीं की गई और बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में कर्मचारियों का न्यूनतम मासिक वेतन लगभग 9700 रुपए था। श्रम नियमों के तहत कर्मचारी और नियोक्ता दोनों की ओर से 12-12 प्रतिशत अंशदान मिलाकर प्रति कर्मचारी लगभग 2522 रुपए पीएफ खाते में जमा होना चाहिए था, लेकिन कर्मचारियों के खातों में केवल करीब 1200 रुपए ही जमा किए गए। इसी प्रकार वर्ष 2024 और 2025 में भी कथित रूप से यही खेल जारी रहा।



जहां प्रति कर्मचारी 2490 से 2560 रुपए तक जमा होना था, वहां मात्र 1252 और 1280 रुपए ही खातों में जमा किए गए। कर्मचारियों का आरोप है कि पहले वेतन में कटौती की गई और अब उनके भविष्य निधि की राशि में भी हेराफेरी कर उनके वर्तमान और भविष्य दोनों को संकट में डाल दिया गया है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यह सीधे तौर पर मजदूरों के अधिकारों का हनन है और इसमें करोड़ों रुपए के घोटाले की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। मामले को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठनों और यूनियनों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा कर्मचारियों को न्याय दिलाने की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### फुंडहर में करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा प्रशासन ने कराया मुक्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा करने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों में शिकायत आने के बाद ही नगर निगम और प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जोन-9 अंतर्गत फुंडहर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर किए गए कब्जे को राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे मुक्त कराया।

### बीजापुर डीएफओ हटाए गए

**रायपुर।** इटपाल के तेंदूपत्ता गोदाम में लगी आग को बड़ी लापरवाही मानते हुए राज्य शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। बीजापुर के वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) रमेश कुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय रायपुर में अटैच किया गया है। वन एवं प्रबंधन का कार्य देखने के लिए जाधव सागर रामचंद्र को बीजापुर का नया डीएफओ नियुक्त किया है।

### हाईवे में हेलमेट अनिवार्य करने के लिए मुख्यमंत्री को लिखे पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि हमारी समिति ने आपको हेलमेट अनिवार्य करने के संबंध में कई पत्र लिखे, जिसके जवाब में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने 27 अप्रैल को एक पत्र रायपुर के सभी समाचार पत्रों को जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आदेश के अनुसार मोटर साइकिल चालक व पीछे बैठे सवार दोनों के लिए हेलमेंट अनिवार्य किया गया है तथा इस संबंध में मोटर यान अधिनियम 1988 में आवश्यक प्रावधान किए गए है, इस प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मोटर साइकिल चालाने पर इस अधिनियम की धारा 194 (घ) के तहत अर्थदंड से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

### कांग्रेस का आरोप- जनगणना के आंकड़े बदलवा कर छवि सुधारने की कोशिश कर रही सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार दुर्भावनापूर्वक जनगणना के वास्तविक आंकड़े बदलवा रही है। सरकार जनगणना कार्य में लगे



शिक्षकों द्वारा एकत्रित किए गए वास्तविक तथ्यों में फेरबदल करवाने के लिए दबाव डाल रही है। किसी घर में यदि उज्जवला गैस का कनेक्शन है, लेकिन गैस नहीं भरवा पाने के कारण उनके यहां खाना चूल्हे पर बन रहा है, किसी ने अपने यहां शौचालय नहीं होने की बात लिखवाई है, तो कोई झोपड़ी में रहता है तथा वह सर्वे सूची में पात्र है, उसे प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है, तो उसने वही लिखवाया है। इन आंकड़ों को जनगणना कार्य में लगे उच्चाधिकारी बदलवा रहे हैं।


# कर्नाटक को 67-62 अंकों से हराकर छत्तीसगढ़ फाइनल में

## 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन, महासमुंद की दिव्या ने सेमीफाइनल में बनाए सर्वाधिक 27 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा पांडिचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका) का आयोजन 22 मई से 29 मई 2026 तक राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम पांडिचेरी में आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हैं।

महासमुंद जिले से अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी इमलीभाठा शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में दिव्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही फाइनल में पहुंच गई हैं। छत्तीसगढ़ टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र की टीम को 56-44 के अंको से परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। छत्तीसगढ़ की टीम से चैंपियनशिप में रूमी कोनवर, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, अंजनी, सोफी सिका, दिव्या रंगारी एवं नंदनी माधो प्रधान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मैच छत्तीसगढ़ एवं कर्नाटक के मध्य खेला गया। जिसमें हॉफ टाइम तक छत्तीसगढ़ की टीम ने कर्नाटक से 31-24 अंकों से आगे रहते हुए अपनी बढ़त बनाएं रखा। तीसरे क्वॉर्टर में 48-43 अंकों से छत्तीसगढ़ ने अपनी बढ़त बनाए रखा एवं अंतिम क्वार्टर में छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 67-62 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर पदक पक्का कर लिया। महासमुंद की दिव्या ने सेमी फाइनल में बेहतर प्रदर्शन कर सबसे ज्यादा 27 अंक बनाकर टीम को विजेता



बनने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस माह दिव्या बास्केटबॉल इंडिया कैंप का हिस्सा रहीं हैं।

छत्तीसगढ़ की बालिका टीम में अंजली कोडापे (कप्तान), अदिति कोडापे, अंजनी, रूमी कोनवर, सोफी सिका, नंदनी माधो प्रधान (सभी सर्वज्ञ राव बास्केटबाल एकेडमी राजनांदगांव), नताशा प्रजापति (साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव), दिव्या रंगारी (महासमुंद), पारूल वर्मा और नित्या पांडे (रायपुर), कलश झा एवं सारा सिंह (भिलाई), टीम के कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच लुमेंद्र साहू (एसईसीआर), मैनेजर अनिता तिर्की (सरगुजा जिला) है।

छत्तीसगढ़ बालिका टीम एवं महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी के बेहतर प्रदर्शन करने व फाइनल में प्रवेश करने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर, चेयरमैन गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, पूरन साहू, बादल मक्कड़, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, संतोष कुमार सोनी, किरण महाडिक, अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, पिता विनोद रंगारी, माता सपना रंगारी, मां गायत्री स्कूल प्राचार्य विमला सागर, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, निखिल चंद्राकर, विकास सोनी, आकाश सोनी, योजना रंगारी, तारणी साहू, सौम्या, श्रेया घोष, राइमा दास आदि ने हर्ष जताया है।

# मासिक धर्म पर खुलकर संवाद बेहद जरूरी : इंद्रजीत गोल्डी

## मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में तारूणय वार्ता एवं पीरियड्स पर खुलकर चर्चा की गई। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर बीआरसीसी कार्यालय में कार्याशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मासिक धर्म प्रबंधन पर विशेष जागरुकता अभियान की शुरुआत रायपुर से हुई थी। यह कार्यक्रम भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहे हैं।

जिले के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में लीनू चंद्राकर जिला संगठन आयुक्त गाइड, शत्रुघ्न साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, राजकुमारी बंजारे प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिले में स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स की टीम लगातार गांव, शहरों, बस्तियों में जाकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास कर रही है। निपटान, किशोर स्वास्थ्य लैंगिक समानता एवं जागरुकता, लड़के और लड़कियां दोनों की जिम्मेदारी, पीरियड प्रोडक्ट तक पहुंचे एवं पीरियड्स फ्रेंडली शौचालय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में महासमुंद विकासखंड के व्याख्याता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट, बीएल देवांगन, जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा,आरएडीपीओ एवं जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, समग्र एवं जिला सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, मास्टर ट्रेनर्स एवं विभिन्न विद्यालयों से आए व्याख्याता उपस्थित थे।

प्रमोद कुमार कन्नौजे ने मासिक धर्म को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इस जुड़ी भ्रांतियां किशोरियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि परिवार और स्कूल में ऐसा माहौल होना चाहिए जहां बच्चियों बिना संकोच के स्वास्थ्य संबंधी बातें साझा कर सके। लीनू चंद्राकर ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा यह जन जागरूकता अभियान बेहद सराहनीय है। मासिक धर्म जैसे विषयों पर खुलकर संवाद भी समाज में जागरूकता और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

### मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया

राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ इंद्रजीत सिंह खालसा ने इस अभियान को महिला स्वास्थ्य और गरिमा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इस पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों, सामाजिक संगठनों, संस्थाओं और विद्यालयों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने मासिक धर्म को लेकर समाज में जागरूक और सकारात्मक सोच विकसित करना बेहद आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि जब तक लड़के इस विषय को सामान्य रूप से स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक लड़कियों की झिझक पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाएगी। उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छ शौचालय और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को भी अत्यंत जरूरी बताया।

# शहर में निःशुल्क कराते सेल्फ डिफेंस फिटनेस कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत कराते मास्टर नीलकंठ साहू, शेखर साहू, लेडी कराते ट्रेनर खुशी साहू द्वारा गुरु गोविंद सिंह उद्यान बीटीआई रोड में प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक निःशुल्क कराते सेल्फ डिफेंस फिटनेस कैंप का आयोजन किया गया है। 17 मई से 6 जून तक चलने वाले इस शिविर में हर उम्र के बालक बालिकाओं के साथ बड़े भी भारी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

एशियन सेकिकाई कराते संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर नीलकंठ साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में आज कल के लड़ाई झगड़े वाले माहौल और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए कराते के साथ साथ थाई किक, बॉक्सिंग, सावलिन, कुंगफू वुशु तलवार, भाला नान, चाकू, लाठी जुंबा डांस स्केटिंग ध्यान एवं योग की बारिकियों को बताया जा रहा है, जिसे प्रशिक्षणार्थी काफी उत्साह के साथ सिख रहे हैं। आयोजन को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह है। लेडी कराते मास्टर ट्रेनर खुशी साहू द्वारा युवतियों को आत्मरक्षा के लिए वूमेंस सेफ्टी सेल्फ डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें दिनचर्या में उपयोग होने वाली चीजों जैसे दुपट्टा, पिन, चाबी, न्यूज पेपर का उपयोग खतरनाक हथियार के रूप में करने के तरीके सिखाये जा रहे हैं। वही मास्टर शेखर साहू द्वारा युवाओं को फिटनेस और सुरक्षा के लिए जापानी युद्ध कला काता की बारीकियों के साथ साथ गेरी जुकी उके डाची एवं ध्यान योग का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर नीलकंठ साहू द्वारा दस से पंद्रह दुश्मनों को मिनटों में पछाड़ने का स्पेशल और एडवांस लेवल का ट्रेनिंग दिया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ियों को कराते खेल में शासन से मिलने वाली सुविधाओं और कराते को कैरियर के रूप में लेकर अपना भविष्य कैसे बना सकते, इसकी भी जानकारी दी जा रही है।

### पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट दिया जाएगा

मास्टर नीलकंठ साहू ने बताया कि खेल विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए अंकुरित चना, मूंगफली, मूंग, गुड़ की व्यवस्था की गई है। उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफ़िकेट दिया जाएगा। महिला सुरक्षा के नाम से सरकार द्वारा कई योजनाए चलाई जा रही है जैसे रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना, पीएमश्री योजना, निर्भया योजना, नारी सशक्तिकरण योजना में कराते में दक्ष युवतियों और महिलाएं कराते प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण देकर रोजगार प्राप्त कर सकती है। वही पुलिस में आर्मी, नेवी में डिफेंस सेक्टर या स्कूल, कॉलेज संस्थाओं में नौकरी प्राप्त कर अपना कैरियर बना सकते है। खुमान साहू द्वारा मोटिवेशनल स्पिच से लोगों को खेल के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इस शानदार प्रशिक्षण के लिए खेल अधिकारी मनोज कुमार घृतलहरे ने हर्ष जताया है।

# छत्तीसगढ़ में लागू होगी 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





छत्तीसगढ़ में भारत सरकार की नवीन 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम' को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में बुधवार को न्यू सर्किट हाउस में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की। इसमें छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, भारतीय खाद्य निगम, मार्कफेड तथा प्रदेशभर के राइस मिलर्स ने भाग लिया।

कार्यशाला में खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा, भारत सरकार आगामी खरीफ वर्ष में 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम' को प्राथमिकता के साथ लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य के राईस मिलों को इसके लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप तकनीकी रूप से अपग्रेड करना आवश्यक होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि मिलर्स द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जाएंगे। कार्यशाला में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 से लागू की जाने वाली 'इम्प्रूव्ड राईस स्कीम' के विभिन्न प्रावधानों, गुणवत्ता मानकों, भंडारण व्यवस्था, अनुबंध प्रक्रिया, लागत एवं क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से 10 प्रतिशत अरवा ब्रोकन चावल एवं 5 प्रतिशत उसना ब्रोकन चावल के निर्धारित मानकों की जानकारी दी।

# मालखाना की अब होगी ई-ट्रैकिंग

## कोतवाली में राज्य का पहला ई-मालखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पुलिस के मालखाना में रखे धूल खा रहे सामान की तलाश करने पुलिस को मशक्कत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मालखाना में रखे समान की जानकारी पुलिस को अब एक क्लिक पर मिलेगी। इसके लिए नारायणपुर के एसपी रॉबिन्सन गुरिया द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर से राज्य पुलिस के साथ पुलिस कमिश्नरेट के कोतवाली थाना का मालखाना ऐसा पहला मालखाना बना है, जिसे पुलिस ने ई-मालखाना में कन्वर्ट किया है। ई-मालखाना का उद्घाटन एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले ने बुधघवार को किया।

उद्घाटन के बाद ई-मालखाना की कार्यप्रणाली का विस्तृत डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें जप्त सामग्री के डिजिटल पंजीयन, बारकोड आधारित पहचान, रैकवाइज संधारण तथा रिकॉर्ड ट्रैकिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। डेमो के दौरान डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश प्रसाद गुप्ता , डीसीपी नॉर्थ मयंक गुर्जर, एडिशनल डीसीपी तारकेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित रहकर प्रणाली का अवलोकन एवं समीक्षा की। ई-मालखाना प्रणाली लागू करने से पूर्व थाना में उपलब्ध समस्त जप्त माल का विस्तृत भौतिक सत्यापन कराया गया। इसके बाद मालखाने का रैकवाइज वैज्ञानिक संधारण करते हुए ए-1, ए-2, बी-1, बी-2 आदि श्रेणियों में व्यवस्थित वर्गीकरण किया गया, ताकि प्रत्येक सामग्री का रिकॉर्ड एवं उसकी लोकेशन आसानी से चिन्हित की जा सके।

माल खाना में जब्त सामान की पहचान के साथ ट्रैकिंग बारकोड से होगी। जैसे पुलिस ने कोई माल जब्त किया है, उस माल की जब्ती तारीख से लेकर किस पुलिस अधिकारी या कर्मी ने जब्त किया है, उस पुलिस अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर सहित दर्ज होगा। इसके साथ ही जब्त माल की फोटो अपलोड की जाएगी। अगर कोई माल फोरेंसिंक जांच के लिए या कोर्ट में पेश किया जाएगा, उसमें माल ले जाने वाले पुलिसकर्मी का नाम और कब ले गया है, इन सबका डिजिटल विवरण रहेगा। इससे मालखाना में रखे सामान की मिसिंग नहीं होगी।

ई-मालखाना का सॉफ्टवेयर तैयार करने वाले आईपीएस अधिकारी रॉबिन्सन गुरिया के अनुसार जब वे अंबिकापुर, लखनपुर थाना के प्रभारी थे, एक हत्या के प्रकरण में कोर्ट में चाकू पेश करना था। मालखाना में रखे चाकू को ढूंढने में मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद पुलिस अफसर को लगा कि मालखाना में रखे सामान की आसानी से पहचान हो सके, इसके लिए उन्होंने एक साफ्टवेयर तैयार किया। पुलिस अफसर के साफ्टवेयर को उनके कई बैचमेंट जो अब महाराष्ट्र, बिहार में पदस्थ हैं, प्रभावित होकर अपने यहां भी ले गए हैं।

उदाहरण के लिए किसी प्रकरण में पुलिस गाड़ी जब्त करती है, इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस गाड़ी को रिलीज करती है, तब गाड़ी मालिक पुलिस पर गाड़ी का टायर निकालने के साथ कई प्रकार के माल चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हैं। अब पुलिस कोई गाड़ी जब्ती करेगी, उस गाड़ी की चार एंगल से फोटो लेगी। इसके बाद गाड़ी में बारकोड चिपकाकर फोटो सहित पूरी डिटेल साफ्टवेयर में अपलोड कर रखेगी। इसी तरह कोर्ट में बचाव पक्ष का वकील पुलिस द्वारा पेश चाकू या किसी हथियार आरोपी का नहीं होने की बात कहता है, इस स्थिति में पुलिस कोर्ट को जब्त हथियार की पूरी जानकारी एक क्लिक के माध्यम से दे सकती है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के सभी तीनों जोन के थानों के मालखाना को ई-मालखाना में तब्दील किया जाएगा।

# दृष्टिबाधित महिला का 108 एंबुलेंस में प्रसव इमरजेंसी ऐसी कि अस्पताल पहुंचना था मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- बेमेतरा से आ रही प्रसूता की भी एंबुलेंस स्टॉफ ने कराई डिलीवरी
- एक एमसीएच, दूसरी आंबेडकर अस्पताल में भर्ती, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

खास खबर

महादेव घाट में रहने वाली दृष्टिबाधित महिला की बीच रास्ते प्रसव पीड़ा बढ़ गई। महिला ने गर्भावस्था के दौरान किसी तरह का उपचार नहीं लिया था, इसलिए प्रसव चुनौती से भरा था। वहां बेमेतरा से रायपुर लाई जा रही महिला की बीच रास्ते तबीयत बिगड़ी गई। दोनों केस में 108 संजीवनी एंबुलेंस के ईएमटी स्टाफ ने सूझबूझ का परिचय दिया और सुरक्षित प्रसव के बाद उन्हें एमसीएच कालीबाड़ी और आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया गया।

महादेव घाट क्षेत्र में रहने वाली 29 वर्षीय दृष्टिबाधित गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। कॉल पर उनकी मदद के लिए 108 एंबुलेंस 13 मिनट में उस तक पहुंची। महिला को अस्पताल लाया जा रहा था इसी दौरान रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। इमरजेंसी को देखते हुए एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी राजेश कुकरेजा सुनील मेश्राम एवं पायलट ने सूझबूझ, तत्परता और कुशलता का परिचय देते हुए प्रसव कराया। इसके बाद मां एवं नवजात को तत्काल कालीबाड़ी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं। महिला ने गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार का उपचार नहीं लिया था, इसलिए प्रसव चुनौती से भरा था। इसी तरह बेमेतरा आनंदगांव निवासी 24 वर्षीय महिला को गर्भावस्था संबंधी जटिलता होने पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा में भर्ती कराया गया था। स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल रेफर किया। 108 एम्बुलेंस के पायलट नीलमणि एवं ईएमटी कलावती गायकवाड़ तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचे और गर्भवती महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर रायपुर के लिए रवाना हुए। धरसींवां के समीप महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस स्टाफ में ही प्रसव कराया। सुरक्षित प्रसव के बाद महिला एवं नवजात शिशु को बेहतर देखभाल के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनपद उपाध्यक्ष की दिखी तत्परता और बालिका को मिला जीवनदान

**महासमुंद।** मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने पिथौरा के ग्राम लक्ष्मीपुर की 14 वर्षीय बालिका लीला पटेल की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल सीएमओ को निर्देशित कर रक्त की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। निरीक्षण के दौरान जब उन्हें जानकारी मिली कि बालिका का हीमोग्लोबिन स्तर गिरकर मात्र 3 ग्राम रह गया है, तो उन्होंने बिना समय गंवाए एक्शन लिया जिसके चलते बालिका को समय पर उपचार मिला।

**पर्व : ईदगाह में नमाज अदाकर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर दी मुबाकरबाद**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया ईदु-उल-अजहा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ईद-उल-अजहा याने बकरीद को बलिदान का त्योहार भी कहा जाता है। इस्लाम धर्म में इस दिन बकरे की कुर्बानी देने की परंपरा होती है। यह इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है। इस्लामिक कैलेंडर में 12 महीने होते हैं और इसका धुल्ल हिज इसका अंतिम महीना होता है। ईद-उल-अजहा बलिदान और अल्लाह के प्रति सच्ची अकीदत का त्योहार है। सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद जमात द्वारा ईदु उल अजहा या बकरी ईद मुसलमानों के लिए सबसे बड़ा त्योहार है।





नगर में स्थित नवागांव में ईदभाठा में गुरुवार को सुबह 8:30 बजे ईदु उल अजहा की नमाज अदा की गई। ईदु उल अजहा त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक दूसरे को मुबारक दी गई। ईदु उल अजहा की नमाज मौलाना ईरफानुल हक द्वारा अदा करवाई गई। ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों एक दूसरे को गले मिलकर मुबाकरबाद दी। ईद के दिन परिवार वाले दोस्त एक जगह इकट्ठा होकर एक-दूसरे को बधाई देते हैं। बकरी ईद कुर्बानी से जुड़ा त्योहार है और यह अल्लाह के प्रति समर्पण है, यह त्योहार खुशियां बांटने और गरीबों और बेसहरा लोगों की मदद करने का भी होता है।

मीठी ईद यानी इदुल फितर के 70 दिनों के बाद बकरी ईद का त्योहार मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। ईदु उल अजहा मुस्लिम समाज का आखिरी 12 महीना होता है। इस दिन सबसे पहले ईदगाह में नमाज अदा की जाती है। जिसके पश्चात अपने-अपने घरों में जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। ईद के दिन सभी बच्चे बूढ़े नये कपड़े पहनकर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौलाना ईरफानुलहक के द्वारा ईद कि विशेष नमाज अदा करवाई गई तथा खुदा अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर व नगर सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर हाजी अमजद मेमन, हाजी गनी चौहन ख़्वाजा मियां, हाजी आबिद क़ुरैशी, हाजी बशीर परमार, हाजी वारिश चौहान, हाजी नियाजउद्दीन, नसीम कुरैशी, फिरोज मेमन, सिकंदर सिद्दिकी, यूनुस कुरैशी, जियाउल हक, शेख आकिब अहमद, रफीक मेमन, नियाज अली, इल्यास मेमन, इस्माइल मेमन, कलीम वारसी, इस्माइल रजवी, फारूख मेमन, मुश्ताक अली, अब्दुल कादिर जिलानी, साजिद खान, प्यारु खान, सज्जाद खान, शहजान पाशा, बड़ा खान, बाबू साहब खान, समीर खान, फिरोज खान, गुलाम गौस, समशाद खान, नासिर खान, अय्यूब खान, अय्यूब कुरैशी, अमीर खान, सलीम खान, इमरान खान, आतिफ सिद्दिकी, अय्यूब मेमन, जावेद खान, अरमान खान, गुलाम हैदर रजवी, शाहरुख़ मेमन, सलमान मेमन, सोहेल मेमन कौनैन, रजाए शेख, शाहबाज सद्दाम हुसैन, शब्बीर परमार, आसिफ वारसी, नावेद चौहान, शेख हामिद, साहिल वारसी, बिलाल खान, जावेद खान, रज्जा खान, अब्दुल रज्जाक, इरफ़ान चौहान, हलीम खान, जावेद खान, जुनैद खान, नूरानी हक़, इमरान चौहान आदि उपस्थित थे।



## खरोरा में मनाई गई वीर सावरकर की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में स्वतंत्रता सेनानी दामोदर वीर सावरकर की जयंती मनाई गई। वीर सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं थे, बल्कि वे प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, साहित्यकार, समाज सुधारक और दूरदर्शी नेता भी थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र की स्वतंत्रता और भारतीय समाज के जागरण के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी देशवासियों को प्रेरणा देती हैं। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, पारु चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# एकता का उत्सव और सनातन धर्म की कालातीत परंपराओं को समर्पित है समरसता यात्राः पुष्पलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नेशनल हाईवे 53 स्थित सिंघोड़ा मंदिर से सनातन समरसता यात्रा का शुभारंभ हुआ। जिसमें पूरे जोश के साथ सनातन प्रेमी इस यात्रा में शामिल हुए। सनातन एकता यात्रा सिर्फ एक यात्रा नहीं, यह एक आह्वान व एकता का उत्सव है। सनातन धर्म की कालातीत परंपराओं को समर्पित है। पुष्पलता चौहान ने बताया कि सनातन एकता यात्रा सिर्फ एक भौतिक यात्रा नहीं है, बल्कि एक परिवर्तनकारी अनुभव है। यह लोगों को अपनी जड़ों से पुनः जुड़ने, अपनी सांस्कृतिक पहचान को अपनाने और एक सामंजस्यपूर्ण समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित करती है। यह याद दिलाती है कि एकता में शक्ति है, और अपनी परंपराओं को संरक्षित कर हम उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

पुष्पलता चौहान ने सभी से अपील की है कि आंदोलन का हिस्सा बनें। सभी को इस अद्भुत यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। चाहे यात्रा में भाग लेकर स्वयं सेवा कर या सनातन धर्म का



संदेश फैलाकर आपका योगदान एक बड़ा बदलाव ला सकता है। आइए, धर्म के पथ पर चलें, अपनी साझा विरासत का उत्सव मनाएं और एक ऐसी दुनिया का निर्माण करें जो शांति, भक्ति और वीरता के सिद्धांतो पर आधारित हो। यात्रा का उद्देश्य सनातन एकता यात्रा इस विश्वास पर आधारित है कि सनातन धर्म की भावना जाति, पंथ और धर्म की सीमाओं से परे है। इस यात्रा का मुख्य उदेश्य एकता को बढ़ावा देना है। वैदिक, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं की साझा विरासत और मूल्यों को मनाकर समझ और करुणा का पुल बनाना है।

शास्त्रीय कला, साहित्य और त्योहारों पर कार्यशालाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि सनातन धर्म की समृद्ध परंपराएं आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे। भक्ति और साहस की शिक्षाओं से प्रेरित होकर यात्रा धर्म के सिद्धांतों को आधुनिक जीवन की चुनौतियों से निपटने का मार्ग दिखाती है। इस यात्रा के दौरान सनातन संस्कृति की महत्ता, राष्ट्रहित, सामाजिक एकजुटता एवं भारतीय परंपराओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। उपस्थित जनसमूह ने समाज में समरसता, सद्भाव एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मंडल के महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, महामंत्री धनीराम पटेल, अजजा मोर्चा जिला मंत्री अंतराम बिशी, उपाध्यक्ष दयानिधि जाल, कोषाध्यक्ष नित्यानंद कंद, सोसायटी अध्यक्ष कैलाश साहू, घनश्याम भोई, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, एसपी चौहान, वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्यप्रकाश साहू एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

## गली के विद्युत पोल से स्टेय वायर हटाकर नाली पर बनाई बाउंड्रीवाल वार्डवासियों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 में विद्युत पोल से लगे स्टेय वायर को हटाकर नाली के ऊपर बाउंड्रीवाल निर्माण किए जाने को लेकर वार्डवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने मामले की शिकायत सुशासन तिहार के समाधान शिविर सहित विद्युत विभाग के सहायक अभियंता से करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 09 निवासी बजरंग अग्रवाल द्वारा मकान निर्माण कार्य के दौरान गली में स्थित विद्युत पोल के सहारे लगे स्टेय वायर को हटवा दिया गया। इसके बाद कथित रूप से नाली के ऊपर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर दिया गया। वार्डवासियों का आरोप है कि स्टेय वायर हटाए जाने के कारण विद्युत पोल एक ओर झुक गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो पोल गिरने से जनहानि होने के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी बाधित हो सकती है। डॉ. शशि डड़सेना सहित वार्डवासियों ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग से तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# खाद संकट, महंगाई और अव्यवस्था से हो रहे किसान परेशान : विनोद

**भाजपा राज में न युवाओं को रोजगार मिला, न महिलाओं से किए वादे पूरे हुए और न ही किसानों को मिली राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में यूरिया, डीएपी जैसे खाद की कृत्रिम संकट उत्पन्न किए जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा है कि इससे किसानों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। खाद की कमी प्राकृतिक नहीं, बल्कि सुनियोजित है। बड़े व्यापारी, बिचौलिए और सप्लाई सिस्टम से जुड़े लोग किसानों का हक मारकर अवैध मुनाफाखोरी कर रहे हैं। यदि खाद संकट होता तो सोसायटियों के साथ-साथ बाजारों में भी इसका असर दिखता। लेकिन, अधिक दर पर कोचियों द्वारा खाद बेचा जा रहा है। 266 का यूरिया 1200 रुपए तथा 1350 की डीएपी 1800 से 2000 रुपए में बेचा जा रहा है।



विनोद ने कहा कि प्रदेशभर में किसान यूरिया और डीएपी जैसी जरूरी खाद के लिए भटक रहे हैं। प्रदेश के किसान पहले ही प्राकृतिक आपदाओं, उत्पादन लागत में वृद्धि, डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, मजदूरी संकट और बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं। ऐसे में समय पर खाद नहीं मिलने से खरीफ की तैयारी कर रहे किसान चिंतित हैं। सरकार द्वारा किसानों को रकबे के आधार पर किस्तों में खाद उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जो किसान विरोधी निर्णय है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में किसानों को खाद के लिए इतना परेशान नहीं होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों को समय पर राहत प्रदान करने खाद का भंडारण सोसायटियों में कर लिया जाता था। 1 अप्रैल से खाद का वितरण शुरू हो जाता था। लेकिन, इस बार भाजपा सरकार ने कृषि ऋण वितरण नीति में भी बदलाव कर दिया। किसानों को कम खाद देने का नियम बनाया गया है। प्रदेश में खाद की उपलब्धता को लेकर भी लगातार अव्यवस्था बनी हुई है। कई सहकारी समितियों और कृषि केंद्रों में समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की लापरवाही के कारण किसान सीजन के दौरान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान भाजपा की सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है। सरकार अपनी आर्थिक बदहाली का बोझ किसानों पर डाल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और गलत प्राथमिकताओं के कारण प्रदेश आज कर्ज में डूब चुका है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पहले बड़ी-बड़ी गारंटियां दी थीं, लेकिन आज स्थिति यह है कि न युवाओं को रोजगार मिला, न महिलाओं से किए वादे पूरे हुए और न ही किसानों को राहत। उल्टा हर वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है।




## अंतिम मूल्यांकन सूची जारी

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद ने सहायक ग्रेड-03 के नियमित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम मूल्यांकन सूची जारी कर दी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेन्द्र जटवार ने बताया कि दावा-आपत्तियां 19 मई तक आमंत्रित की गई थीं। निर्धारित अवधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का परीक्षण व निराकरण चयन समिति द्वारा किया गया। दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम मूल्यांकन सूची तथा दावा-आपत्ति निराकरण सूची तैयार कर प्रकाशित कर दी गई है। अभ्यर्थी उक्त सूची का अवलोकन महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद के सूचना पटल पर कर सकते हैं।







